# आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम 2022- 23

## प्रतिवेदन

स्वाधीनता की 75 हुई वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर आयोजित
बौद्धिक एवं सांस्कृतिक जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं

**दिनांक 30सितंबर 2022**

भारत सरकार के निर्देशानुसार म.प्र. में भी स्वाधीनता के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारत की स्वाधीनता का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी तारतम्य में शासकीय तुलसी महाविद्यालय में दिनांक 30 सितंबर 2022 को विविध बौद्धिक एवं सांस्कृतिक विधाओं चित्रकला, निबंध लेखन, भाषण, स्वाधीनता सेनानियों पर आधारित बहुरूप परिधान प्रतियोगिता (फैंसी ड्रेस) ,कविता-लेखन व गायन, गीत -लेखन व गायन, अज्ञात - ज्ञात बलिदानियों की बडी या छोटी प्रेरक कहानी, रंगोली, पोस्टर आदि की जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम में शासकीय महाविद्यालय जैतहरी, बिजुरी , वेंकटनगर ,पुष्पराजगढ़ एवं संस्कार लॉ कॉलेज अनूपपुर व कल्याणिका महाविद्यालय अमरकंटक के विभिन्न छात्र छात्राओं ने प्रतिभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. विक्रम सिंह बघेल द्वारा की गई तथा मुख्य अतिथि डॉ. जे. के. संत, विशिष्ठ अतिथि डॉ. गीतेश्वरी पाण्डेय व डॉ. अमित भूषण द्विवेदी,प्रो. संगीता बासरानी, प्रो. पूनम धाण्डे सहित तुलसी महाविद्यालय एवं अन्य महाविद्यालयों से आए सहायक प्राध्यापक भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। अमृत महोत्सव अंतर्गत इन प्रतियोगिताओं का आयोजन सांस्कृतिक समिति संयोजक प्रीति वैश्य सहित समस्त समिति सदस्यों डॉ. श्वेता श्रीवास्तव, डॉ. रेखा वर्मा , डॉ. भावना सिंह , डॉ. शैली अग्रवाल, डॉ. तरन्नुम सरबत,सुश्री प्रज्ञा तिवारी एवं प्रो.विनोद कुमार कोल द्वारा किया गया। संस्कार लॉ कॉलेज अनूपपुर के संजय सोनी, ओम प्रकाश एवं अनुराधा ने क्रमशः भाषण, कविता एवं गीत में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शासकीय तुलसी महाविद्यालय की छात्रा विजयलक्ष्मी सिंह सिकरवार ने निबंध तथा प्रीति राठौर ने रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शासकीय महाविद्यालय बिजुरी की छात्रा संध्या मेहरा ने जहां फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का रूप धारण किया वहीं शासकीय महाविद्यालय पुष्पराजगढ़ की छात्रा चंद्रकली ने शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रेरक कहानी द्वारा तथा शासकीय महाविद्यालय वेंकटनगर की छात्रा दीपिका सिंह चौहान ने शहीद भगत सिंह के चित्र द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।शासकीय महाविद्यालय जैतहरी की छात्रा लक्ष्मी राठौर ने रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।



## जिला स्तरीय बौद्धिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं
## दिनांक 30 सितंबर 2022

| समय | गतिविधि | विषय / थीम | कार्यक्रम प्रभारी |
|---|---|---|---|
| 12.00 pm<br>कक्ष क्र. 27<br>सेमिनार हॉल | 1. भाषण | " स्वाधीन भारत के नागरिक का कर्तव्य बोध" | प्रीति वैश्य |
| | 2. गीत लेखन व गायन | स्वतंत्रता की शताब्दी में मेरे सपनों का भारत( भारत वर्ष 2047 में) | डॉ. श्वेता श्रीवास्तव |
| | 3. कविता लेखन व गायन | | |
| | 4.फ़ैन्सी ड्रैस | | डॉ. तरन्नुम सरबत |
| | 5. ज्ञात/ अज्ञात बलिदानियों की प्रेरक कहानी | | डॉ. शैली अग्रवाल |
| 12.30 pm-2:30 pm<br>कक्ष क्र.25 | 6.चित्रकला | स्वतंत्रता आंदोलन के नायक | डॉ. रेखा वर्मा |
| | 7. पोस्टर निर्माण | "एक भारत श्रेष्ठ भारत " | |
| 12.30 pm-2:30 pm | 8 .रंगोली | भारत की एकता व अखंडता | डॉ. भावना सिंह |
| 1:00 pm - 2:00 pm<br>कक्ष क्र. 26 | 9. निबंध<br>(शब्द सीमा 1000) | स्वाधीनता के बाद भारत की स्वतन्त्रता के राजनीतिक सामाजिक आर्थिक व सांस्कृतिक आयाम क्या हों। | सुश्री प्रज्ञा तिवारी |

.

प्रीति वैश्य
संयोजक
सांस्कृतिक समिति

# स्वाधीनता की 75 हुई वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर आयोजित
# बौद्धिक एवं सांस्कृतिक जिला स्तरीय प्रतियोगिताएंएवं विजेता

| गतिविधि | विषय / थीम | विजेता श्रेणी | विजेता का नाम व कक्षा | महाविद्यालय का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. भाषण | " स्वाधीन भारत के नागरिक का कर्तव्य बोध" | प्रथम | संजय सोनी (LLBIISEM) | संस्कार विधि महाविद्यालय, अनूपपुर |
| | | द्वितीय | स्वाती अग्रवाल (BA- III ) | शासकीय महाविद्यालय जैतहरी |
| | | तृतीय | अनुराग यादव(B.Sc. III) | शासकीय महाविद्यालय बिजुरी |
| 2. गीत लेखन व गायन | स्वतंत्रता की शताब्दी में मेरे सपनों का भारत( भारत वर्ष 2047 में) | प्रथम | अनुराधा तिवारी (LLBISEM) | संस्कार विधि महाविद्यालय, अनूपपुर |
| | | द्वितीय | सीता सिंह (M.Sc. III -Botany) | शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर |
| | | तृतीय | कंचन मौंहगिया (B.Sc. -I) | शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पुष्पराजगढ़ |
| 3. कविता लेखन व गायन | स्वतंत्रता की शताब्दी में मेरे सपनों का भारत( भारत वर्ष 2047 में) | प्रथम | ओमकारसिंह धुर्वे (LLBIIISEM) | संस्कार विधि महाविद्यालय, अनूपपुर |
| | | द्वितीय | इच्छा गौतम (BA - I) | शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर |
| 4. फ़ैन्सी ड्रैस | | प्रथम | संध्या महरा(BA- III ) | शासकीय महाविद्यालय बिजुरी |
| 5. ज्ञात/ अज्ञात बलिदानियों की प्रेरक कहानी | | प्रथम | कु. चंद्रकली (B.Sc. -I) | शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पुष्पराजगढ़ |
| 6.चित्रकला | स्वतंत्रता आंदोलन के नायक | प्रथम | दीपिका सिंह चौहान (B.A. II) | शासकीय महाविद्यालय वेंकटनगर |
| | | द्वितीय | सुल्तान सिंह (B.Ed. I) | कल्याणिका केंद्रीय शिक्षा निकेतन,शिक्षा महाविद्यालय , अमर्कण्टक |
| | | तृतीय | सेजल गुप्ता (B.Sc. III) | शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर |
| 7. पोस्टर निर्माण | "एक भारत श्रेष्ठ भारत " | प्रथम | लक्ष्मी राठौर (BA- III ) | शासकीय महाविद्यालय जैतहरी |
| | | द्वितीय | रवि कुमार कोल (LLBISEM) | संस्कार विधि महाविद्यालय, अनूपपुर |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | तृतीय | सिमरन दाहिया (B.Com. II) | शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर |
| 8 .रंगोली | भारत की एकता व अखंडता | प्रथम | प्रीति राठौर (B.Sc. III) | शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर |
| | | द्वितीय | तनु नापित (B.Sc. II) | शासकीय महाविद्यालय बिजुरी |
| | | तृतीय | शिल्पी दुबे (B.A. III) | शासकीय महाविद्यालय जैतहरी |
| 9. निबंध (शब्द सीमा 1000) | स्वाधीनता के बाद भारत की स्वतन्त्रता के राजनीतिक सामाजिक आर्थिक व सांस्कृतिक आयाम क्या हों। | प्रथम | विजय लक्ष्मी सिंह सिकरवार (BA.I) | शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर |
| | | द्वितीय | चाँदनी बानो (M.A.-ISemGeology) | शासकीय महाविद्यालय जैतहरी |
| | | तृतीय | रंजीत कुमार. सेन (B.Sc. -I) | शासकीय महाविद्यालय बिजुरी |















e- NEWS PAPER Link ;-

https://www.raajdhaninews.com/269834/

Facebook link ;-

https://m.facebook.com/story.php?story_fbid=pfbid0c6ozDXVJboN6GVnoSRvzVjjBAyYioPYmYGUxJsNLF2nveP6mD2GRjreJQD3HtBBxl&id=100045502399397